# भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई

फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ईमेल: crpd@sbi.co.in


## भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती

**(विज्ञापन संख्या: CRPD/SCO/2022-23/23)**

## आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 00.00.2022 से 00.00.2022 तक

भारतीय स्टेट बैंक विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑन-लाइन आवेदन करें.

1. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले जमा करवा दिया गया हो.
2. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि तक उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं.
3. उम्मीदवारों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु प्रमाण, जाति प्रमाणपत्र, पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि), ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य उम्मीदवारों की सूची में शामिल करने/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.
4. योग्य उम्मीदवारों की सूची प्रलेखों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगीं. साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) उम्मीदवार द्वारा मूल प्रतियों सहित सभी विवरणों/प्रलेखों का सत्यापन करवाए जाने पर ही उसकी उम्मीदवारी मानी जाएगी.
5. यदि उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता/करती है तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगीं.
6. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें शॉटलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची शामिल है). आवश्यक होने पर कॉल लेटर/सूचना मात्र ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी).
7. सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई) बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा.
8. यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.
9. इस कार्यालय को कागजी आवेदन और अन्य प्रलेखों की प्रतियां न भेजें.

### क. पद/रिक्तियों/मूलभूत और वरीयता योग्यता/आयु/पदस्थापन का स्थान/चयन प्रक्रिया का विवरण:

| क्र.सं. | पद नाम | रिक्तियां | | | | मूलभूत योग्यता (31.08.2022 को) | वरीयता योग्यता (31.08.2022 को) | आयु (31.08.2022 को) | | पदस्थापन का स्थान# | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | यूआर | अ.पि.व. | कुल रिक्तियां | पीडब्ल्यूबीडी (वीआई)* | | | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1 | प्रबंधक (परियोजना-डिजिटल भुगतान) | 4 | 1 | 5 | 1 | i. किसी भी विषय में बी.ई./बी. टेक या<br>ii. एमसीए, या<br>iii. एमबीए/पीजीडीएम, या<br>iv. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के रूप में समकक्ष योग्यता<br>(अंकों का न्यूनतम प्रतिशत: 60%) | पीएमआई द्वारा परियोजना प्रबंधन व्यावसायिक (PMP) या PRINCE2 प्रैक्टिशनर | 28 वर्ष | 35 वर्ष | मुंबई | शॉर्टलिस्टिंग-सह-परिचर्चा |
| 2 | प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल भुगतान/कार्ड) | 2 | - | 2 | 1 | | लागू नहीं | | | | |
| 3 | प्रबंधक (उत्पाद-डिजिटल प्लेटफॉर्म) | 2 | - | 2 | 1 | | | | | | |

**संक्षेपाक्षर: यूआर** - अनारक्षित; **अ.पि.व.** - अन्य पिछड़ा वर्ग; **पीडब्ल्यूबीडी** -बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति; **वीआई** - दृष्टि बाधित,

***पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समान है और संबंधित मूल श्रेणी की रिक्ति में शामिल है.**

**# बैंक के पास भारत में भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में या सेवा के आधार पर अपने किसी भी सहयोगी/सहायक कंपनी या किसी अन्य संगठन में नियुक्त करने या स्थानांतरित करने का अधिकार सुरक्षित है.**

**महत्वपूर्ण नोट:**

i. उम्मीदवार सभी पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, वशर्ते प्रत्येक पद के लिए मानदंडों को पूरा करते हों.
ii. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
iii. उम्मीदवार के पास निर्दिष्ट तिथि को प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए.
iv. नियोक्ता से प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को उस संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव प्राप्त है.
v. दिव्यांग व्यक्ति सहित आरक्षित श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार जिनके लिए कोई आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया है, वे सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं, बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों.
vi. विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा.
vii. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
viii. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट उपलब्ध होगी.

### ख. अनुभव, विशिष्ट कौशल, जॉब प्रोफाइल और केआरए का विवरण:

**I. पद संख्या 1 के लिए - प्रबंधक (परियोजना-डिजिटल भुगतान):**

| 31/08/2022 को अनुभव | विशिष्ट कौशल वांछित | जॉब प्रोफाइल | केआरए |
|---|---|---|---|
| बैंकिंग/ वित्तीय संस्थानों/ अधिग्रहण/ निर्गम/ स्वचालित किराया संग्रहण (एएफसी)/ ट्रांजिट परियोजनाओं/ स्मार्ट शहरों में डिजिटल भुगतान में परियोजना प्रबंधन में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव. | • परियोजना प्रबंधन कौशल<br>• वित्तीय मॉडलिंग में विशेषज्ञता<br>• उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल (मौखिक और लिखित दोनों)<br>• समस्या समाधान रवैया<br>• विश्लेषणात्मक सोच<br>• डिजिटल भुगतान प्रणाली में काम करने का अनुभव<br>• एमएस ऑफिस अनुप्रयोगों में प्रवीणता, विशेष रूप से एमएस एक्सेल में. | **1. बोली प्रबंधन:**<br>• निविदा मूल्यांकन, उपयुक्त समाधान प्रदाताओं का विश्लेषण, सिस्टम इंटीग्रेटर, वेंडर और बोली तैयार करना.<br>• परियोजनाओं के लिए राजस्व और लागत मूल्यांकन के लिए प्रारंभिक अध्ययन करना<br>• परियोजना का वित्तीय विश्लेषण और बजट बनाना<br>**2. परियोजना प्रबंधन:**<br>• परियोजना के समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए परियोजना कार्यान्वयन की योजना और समय निर्धारित करना<br>• बीओक्यू (BOQ) की योजना और जनशक्ति की आवश्यकता<br>• बैंक, भागीदारों और सिस्टम इंटीग्रेटर्स में परियोजना-बहु विभागों में शामिल सभी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद के लिए हितधारक प्रबंधन<br>• कार्य, कार्यकलापों और डिलिवरेबल्स के दायरे की निगरानी, नियंत्रण और प्रबंधन<br>• अनुबंध के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करना<br>**3. नए पहल:**<br>• एसबीआई के पेमेंट रोडमैप के अनुरूप डिजिटल भुगतान रणनीति को संचालित करना.<br>• नए व्यापार और भागीदारी के अवसरों को विकसित करने में सहायक | 1. डिजिटल भुगतान प्रणाली में स्वतंत्र रूप से परियोजनाओं का प्रबंधन<br>2. आवधिक परियोजना समीक्षा<br>3. परियोजनाओं के एसएलए का पालन<br>4. नया उत्पाद विकास और प्रक्रिया संवृद्धि |

II. पद संख्या 2 – प्रबंधक (उत्पाद–डिजिटल भुगतान/कार्ड) के लिए :

| 31/08/2022 तक अनुभव | वांछित विशिष्ट कौशल | जॉब प्रोफाइल | केआरए |
|---|---|---|---|
| बैंकिंग/ वित्तीय संस्थानों/ अधिग्रहण/ निर्गम में कार्ड इंडस्ट्री/ फनटेक/ डिजिटल भुगतान में न्यूनतम 5 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. | • कार्ड/ डिजिटल भुगतान से संबंधित तकनीकी कौशल<br>• उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल (मौखिक और लिखित दोनों)<br>• सभी मौजूदा प्लेटफॉर्मों पर डिजिटल परियोजनाओं को संभालने के लिए कार्यात्मक कौशल<br>• विश्लेषणात्मक सोच<br>• डिजिटल भुगतान प्रणाली में काम करने का अनुभव<br>• एमएस ऑफिस अनुप्रयोगों में प्रवीणता, विशेष रूप से एमएस एक्सेल में. | 1. डेबिट और प्रीपेड कार्ड के लिए नई साझेदारी/ टाई-अप/ गठबंधन का प्रबंधन करना<br>2. प्रतियोगी उत्पादों की तुलना में बाजार की आवश्यकताओं का विश्लेषण करना और उत्पाद समीक्षा/ नवाचार/ सुधार की व्यवस्था करना. कार्ड व्यय और कार्ड एक्टिवेशन बढ़ाने के लिए अग्रणी परियोजनाओं–ऑनलाइन/ ऑफलाइन और कार्ड नेटवर्क–वीसा, मास्टरकार्ड, एनपीसीआई के सहयोग से आवश्यकताओं का विश्लेषण करना और मार्केटिंग अभियानों की व्यवस्था करना.<br>3. कस्टम इंटीग्रेशन के लिए एसबीआई के आईटी सेंटर से माँग करना, नई पहलों/ विशेषताओं को रोल आउट करना और रोलआउट तक उनका पालन करना.<br>4. स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, सह–ब्रांडेड कार्डों, एसबीआईफास्टैग, मेट्रो परियोजनाओं आदि पर डेबिट कार्ड्स/ एफटीसी/ पीपीआई के लिए अतिरिक्त डिजिटल भुगतान विकल्पों की शुरुआत.<br>5. उद्यम–व्यापी लॉयल्टी रिवार्ड्स प्रोग्राम, भारत बिल पेमेंट सिस्टम, चेक डिपॉजिट कियोस्क, संसद भवन परियोजना आदि का प्रबंधन.<br>6. विफल लेनदेन के लिए टीएटी के सामंजस्य पर आरबीआई के निर्देशों के अनुपालन के लिए नोडल विभाग.<br>7. ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) प्रणाली के रोलआउट के लिए नोडल विभाग | 1. व्यावसायिक अवसरों की पहचान करना और उन्हें विशिष्ट तकनीकी/ सॉफ्टवेयर आवश्यकताओं में संरेखित करना.<br>2. चैनल भागीदारों, व्यवसाय और आईटी विभागों के साथ सहयोग करके व्यवसाय के निर्माण के लिए डिजिटल चैनलों की रणनीति बनाना.<br>3. ग्राहक/ व्यापारी संपर्क बिंदुओं (टच प्वाइंट) को लगातार नया/ परिशोधित करके अधिग्रहण लागत का अनुकूलन करना और दक्षता लीकेज को रोकना. |

III. पद संख्या 3 – प्रबंधक (उत्पाद–डिजिटल प्लेटफॉर्म) के लिए:

| 31/08/2022 तक अनुभव | विशिष्ट कौशल वांछित | जॉब प्रोफाइल | केआरए |
|---|---|---|---|
| बैंकिंग/ वित्तीय संस्थानों/ अधिग्रहण/ निर्गम में कार्ड इंडस्ट्री/ फनटेक/ डिजिटल भुगतान में न्यूनतम 5 वर्ष का योग्यता पश्चात अनुभव. | • कार्ड/ डिजिटल भुगतान/ बीबीपीएस से संबंधित तकनीकी कौशल<br>• उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल (मौखिक और लिखित दोनों)<br>• सभी मौजूदा प्लेटफॉर्मों पर डिजिटल परियोजनाओं को संभालने के लिए कार्यात्मक कौशल<br>• विश्लेषणात्मक सोच<br>• बीबीपीएस/डिजिटल भुगतान प्रणाली में काम करने का अनुभव<br>• एमएस ऑफिस अनुप्रयोगों में प्रवीणता, विशेष रूप से एमएस एक्सेल में. | 1. एसबीआई यूनिपे की वर्तमान व्यावसायिक प्रक्रिया का विश्लेषण और मूल्यांकन करना और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करना.<br>2. प्रणाली को अधिक ग्राहक अनुकूल और उपयोगी बनाने के लिए अद्यतन व्यावसायिक प्रक्रियाओं और नई आईटी प्रगति पर शोध और समीक्षा करना. बिलर एकीकरण के साथ–साथ उत्पाद उन्नयन से संबंधित आईटी परियोजनाओं का समन्वय, निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई करना.<br>3. रचनात्मक नवोन्मेषी पहल और कैंपेन. | 1. व्यावसायिक अवसरों की पहचान करना और उन्हें विशिष्ट तकनीकी/ सॉफ्टवेयर आवश्यकताओं में संरेखित करना.<br>2. चैनल भागीदारों, व्यवसाय और आईटी विभागों के साथ सहयोग करके व्यवसाय के निर्माण के लिए डिजिटल चैनलों की रणनीति बनाना. |

**टिप्पणी: ऊपर वर्णित कार्य रूपरेखा/केआरए उदाहरण रूप में हैं. बैंक द्वारा उपर्युक्त पदों के लिए ऊपर वर्णित भूमिका/कार्य के अतिरिक्त समय–समय पर अन्य कार्य सौंपे जा सकते हैं.**

ग. **नियुक्ति की प्रकृति और ग्रेड: सभी पद नियमित प्रकृति के हैं और मध्य प्रबंधन ग्रेड स्केल–III (एमएमजीएस–III) में हैं.**

घ. **पारिश्रमिक:**

**एमएमजीएस–III के लिए लागू वेतनमान रु. (63840–1990/5–73790–2220/2–78230). अधिकारी समय–समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एचआरए, सीसीए, भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन निधि, छुट्टी किराया रियायत (एलएफसी), चिकित्सा सुविधा, अन्य अनुलाभ आदि के लिए पात्र होंगे.**

ङ. **आवेदन कैसे करें:** उम्मीदवारों का मान्य ईमेल आईडी हो, जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

| **ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा–निर्देश:** | **शुल्क के भुगतान के लिए दिशा–निर्देश:** |
|---|---|
| i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे और इंटरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें.<br>ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपने नवीनतम फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.<br>iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही उम्मीदवार इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में उम्मीदवार आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/ आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखेगा. **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास नोट कर लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब उम्मीदवार को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.<br>iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट लें. | i. सामान्य/अन्य पिछडा वर्ग/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग व्यक्ति के उम्मीद्वारों के लिए कोई शुल्क/सूचना प्रभार नहीं है.<br>ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.<br>iii. शुल्क का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा.<br>iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख ले.<br>v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.<br>vi. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.<br>vii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा, **न** ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा. |

च. **साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

**साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. कोई कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी.**

छ. **चयन प्रक्रिया:**

चयन शार्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा.

**शार्टलिस्टिंग:** न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का कोई अधिकार नहीं होगा. बैंक द्वारा गठित शार्टलिस्टिंग समिति शार्टलिस्टिंग मानदंड निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शार्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाये जायेंगे. साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को बुलाये जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

**साक्षात्कार:** साक्षात्कार 100 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा.

**मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में तैयार की जायेगी. एक से अधिक उम्मीदवारों के एक समान निर्दिष्ट अंक पाने पर ऐसे उम्मीदवारों की रैंक उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में होगी.

## ज. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त रेस्यूम (पीडीएफ)
ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iv. पीडब्ल्यूडी प्रमाणन (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
v. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
vi. अनुभव प्रमाण पत्र (पीडीएफ)/ ड्राइविंग लाइसेंस (दोपहिया) (पीडीएफ)
vii. फॉर्म-16/वर्तमान नियोक्ता से प्रस्ताव पत्र/नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)
viii. एनओसी (यदि लागू हो) (पीडीएफ)
ix. नवीनतम फोटोग्राफ
x. हस्ताक्षर

**आ. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची हुई रंगीन फोटो होनी चाहिए.
ii. फाइल का आकार 20 केबी-50 केबी के बीच का और आयाम 200X230 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े.
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड-आई नहीं है.
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.
viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**इ. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें.
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा.
iv. फाइल का आकार 10 केबी-20 केबी के बीच का हो और आयाम 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो.
v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
vi. अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**ई. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी प्रलेख आवश्यक रूप से पीडीएफ प्रारूप में ही हों.
ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.
iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.

**प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार (जारी.....)**

iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**उ. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.
ii. कलर को टू कलर पर सेट करें.
iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.
iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)
v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है
vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फॉर्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम कराया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.
vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**ऊ. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. प्रत्येक प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए गए हैं.
ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेईपीजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद उम्मीदवार जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. फोटो पर चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.

## झ. सामान्य जानकारी:

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही हैं.

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार, वैसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है सहित, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

iii. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

v. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो. यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचरण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी.

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल को सक्रिय रखें.

vii. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

viii. जो उम्मीदवार सरकार/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचना दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. उम्मीदवारों को उन्हीं के हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है. बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शार्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का अधिकार सुरक्षित है.

xiv. एक से अधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा. एक ही पद के लिए उम्मीदवार के अलग-अलग तरह से प्रस्तुत होने पर उसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा/ उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा.

xv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvi. बाहरी उम्मीदवारों को, जिन्हें चयनित सूची के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, को वास्तविक यात्रा के आधार पर भारत में सबसे लघुतर मार्ग से **रेलवे-एसी-III टियर (केवल मेल/एक्सप्रेस)** यात्रा की लागत या वास्तविक यात्रा की लागत (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी. उम्मीदवार के पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.

xvii. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

xviii. साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने को अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.

किसी पूछताछ के लिए, कृपया हमसे "CONTACT US/post your query" लिंक के ज़रिए लिखें,
जो कि बैंक की वेबसाइट (URL - **https://bank.sbi/web/careers** या **https://sbi.co.in/web/careers)** पर उपलब्ध है.

**मुंबई**
**00.00.2022**

**मुद्रण की त्रुटि के लिए बैंक ज़िम्मेदार नहीं होगा.**

**महाप्रबंधक**